वी.यू. द्वारा विदिशा जिले में पशु बांझपन निवारण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के अभिप्रेरणा एवं मागदर्शन एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पशु बांझपन निवारण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन जिला विदिशा के तहसील नटेरन ग्राम घटवाई में किया गया।

इस संगोष्ठी में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के अधिष्ठाता, डॉ. आर. के. शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं पशु बांझपन निवारण शिविर की जानकारी के बारे में अपने व्याख्यान दिये एवं संगोष्ठी में महाविद्यालय के पशु मादा चिकित्सक डॉ. नितिन बजाज ने पशुओं के बांझपन एवं उनके निवारण के बारे में बताया, तत्पश्चात् डॉ. देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने पशुओं में होने वाले रोग, लंपी, स्किन रोग के उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. रणवीर जाटव ने पशुओं के रख–रखाव एवं आहार पोषण टीकाकरण के बारे अवगत कराया। डॉ. राजकुमार पटेल ने शासकीय योजनाओं के बारे में एवं युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के लिये सुझाव दियें।

इस संगोष्ठी एवं पशु बांझपन शिविर में लगभन 276 पशुपालकों ने भाग लिया एवं 124 पशुओं की जांच की गई इस शिविर में 57 पशुओं की गर्भाधारण की जांच से लेकर पशुओं की सोनोग्राफी की गई एवं लंपी रोग निवारण के साथ पेट के कीड़े मारने की दवाईयों का वितरण एवं पशुओं का उपचार किया गया। इस शिविर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक विदिशा डॉ. ओ.पी. गौर, डॉ. दीपक सक्सेना, डॉ. आकाश शुक्ला, डॉ. मनीष शुक्ला उपस्थित रहें, वि.वि. के प्रसार शिक्षा विभाग के श्री देवेश उपाध्याय, श्री आशीष यादव साथ ही पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पी.जी. एवं पी.एच.डी. छात्र डॉ. शंशाक विश्वकर्मा, डॉ. चेतन्या बालिया, डॉ. तनवीर सिंह, डॉ. राहुल एवं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. व्ही.के. जैन द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर